**Title:** Appealed to the Government to request the Uttar Pradesh Government not to harass Shri Sakshiji who is a Member of the Rajya Sabha.

**श्री रामजी लाल सुमन (फिरोज़ाबाद):** उपाध्यक्ष महोदय, प्रश्नकाल से पहले श्री मुलायम सिंह यादव ने इस सदन का ध्यान इस ओर आकर्षित किया था कि श्री साक्षीजी महाराज जो राज्य सभा के सदस्य हैं, एटा की पुलिस उनको अनावश्यक रूप से परेशान कर रही है। जिस महिला ने उनके खिलाफ अपराध पंजीकृत किया है, वह दुर्गा भारती है जो पिछले चार साल से श्री साक्षीजी के साथ रह रही थी।

उपाध्यक्ष महोदय, जो मामला बनाया गया है, यह बहुत ही गंभीर है। मुझे लगता है कि जब से श्री साक्षीजी ने बी.जे.पी. से रिश्ता तोड़ा है, बी.जे.पी. के स्थानीय विधायक पुलिस से मिलकर श्री साक्षीजी को परेशान करने का काम कर रहे हैं। यह अत्यंत ही गंभीर मामला है। मैं आपके माध्यम से केन्द्रीय सरकार से अनुरोध करूंगा कि वह उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देशित करे कि श्री साक्षीजी का अनावश्क रूप से उत्पीड़न न हो।